# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 27.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 27.07.2025

### वीडीए ने ग्रुप हाउसिंग के लिए दो भूखंड बेचे

**वाराणसी।** ई-ऑक्शन के जरिये ग्रुप हाउसिंग के लिए दो भूखंड वीडीए ने बेचे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग क्षेत्रफल 10224 वर्गमीटर के प्रथम भूखण्ड बीई-7 को आरक्षित मूल्य 28.52 करोड़ के सापेक्ष उच्चतम बोली 28.88 करोड़ लगी।

7694 वर्गमीटर के द्वितीय भूखंड बीई-5 को आरक्षित मूल्य 21.46 करोड़ के सापेक्ष उच्चतम बोली 21.78 करोड़ लगी। मेसर्स राजपाल प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में विक्रय किया गया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 27.07.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना में हुआ पौधरोपण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर योजना का निरीक्षण किया। यहां पर्यावरण संवर्धन के लिए पौधरोपण किया। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि योजना में प्रवेश द्वार पर गार्ड रूम का निर्माण कराया जाए। पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं। रेलवे और एनएचएआई से समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को शीघ्र गति दी जाए। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## दैनिक जागरण–दि0 27.07.2025

## वीडीए ने ट्रांसपोर्ट नगर में ग्रुप हाउसिंग की बेची जमीन

जासं, वाराणसी : मोहनसराय स्थित ट्रांसपोर्ट नगर योजना में प्रस्तावित दो भूखंडों पर ग्रुप हाउसिंग की वाराणसी विकास प्राधिकरण ने आनलाइन नीलामी कर दी है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि आनलाइन बोली में ग्रुप हाउसिंग के लिए 10224 वर्गमीटर के प्रथम भूखंड बीई-7 की कीमत 28 करोड़ 52 लाख 49,600 के सापेक्ष 28 करोड़ 88 लाख 15,220 बेची गई। इसी प्रकार 7694 वर्गमीटर के दूसरे भूखंड बीई-5 को 21 करोड़ में बेचा गया।

## दैनिक जागरण–दि0 27.07.2025

## काल भैरव मंदिर मार्ग पर गूंजेगा ओम नम: शिवाय



काल भैरव मंदिर मार्ग पर लगा साउंड सिस्टम • जागरण

[illegible] • जागरण

वाराणसी : श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, काल भैरव मंदिर और गंगा आरती देखने आए पर्यटकों को रास्ते में ओम नम शिवाय मंत्रोच्चारण सुनाई देगा। पर्यटन मंत्रालय के एक्शन प्लान फार काशी एंड सारनाथ के तहत वाराणसी विकास प्राधिकरण ने काल भैरव मंदिर मार्ग पर ओम नम शिवाय मंत्रोच्चारण के लिए साउंड सिस्टम लगाने के साथ ट्रायल शुरू कर दिया है। इस सिस्टम का जरूरत पड़ने पर भीड़ नियंत्रण करने में भी जिला प्रशासन और पुलिस इस्तेमाल करेगी। काल भैरव मंदिर मार्ग पर नौ लाख 85 हजार 281 रुपये से साउंड सिस्टम लगा है। इसमें 11 साउंड स्पीकर, एक एंपलीफायर और एक एमपी प्लेयर लगाया गया है। इसके संचालन के लिए कनेक्टर, केबिल, उचित रख-रखाव के लिए रैक, उच्च वोल्टेज से उपकरणों को बचाने के उपायों के साथ उपकरणों के संचालन को टाइमर, माइक सिस्टम की स्थापना है। एजेंसी दो वर्ष तक अनुरक्षण कार्य करेगी।



श्रीकाशी विश्वनाथ धाम • फाइल फोटो



काल भैरव • फाइल फोटो

- मैदागिन से गोदौलिया व काल भैरव मंदिर, गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक साउंड सिस्टम लगाने को निकला टेंडर
- पर्यटन मंत्रालय के एक्शन प्लान फार काशी एंड सारनाथ के तहत वीडीए करा रहा काम, भीड़ नियंत्रण करने में होगा इस्तेमाल

इस योजना के तहत गोदौलिया चौराहा से श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार से होते हुए मैदागिन चौराहे तक साउंड सिस्टम स्थापित करने के लिए एक करोड़ 48 लाख 15667 रुपये खर्च होगा। दशाश्वमेध घाट से गोदौलिया तक साउंड सिस्टम के लिए 78 लाख 65268 रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा मैदागिन चौराहे से काल भैरव मंदिर तिराहे तक साउंड सिस्टम लगाने के लिए 63 लाख 88534 रुपये स्वीकृत किया गया है। इसमें साउंड सिस्टम बैकअप के लिए बैटरी रहेगी। तीनों स्थानों पर एजेंसी तीन वर्ष तक देखभाल करेगी। यहां के लिए वीडीए ने टेंडर निकाल दिया है। टेंडर फाइनल होते ही वीडीए साउंड सिस्टम लगवाने का काम शुरू कर देगा।

**जल्द होगी प्रशासन के साथ बैठक:** भीड़ नियंत्रण करने के लिए अभी तक जिला प्रशासन व पुलिस के पास कोई व्यवस्था नहीं है। विशेष अवसरों पर इसका फायदा मिलेगा। संचालन को जिला प्रशासन व पुलिस संग वीडीए की बैठक होगी।



दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती • फाइल फोटो



श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, काल भैरव और गंगा आरती देखने काफी संख्या में पर्यटक आते हैं। एक्शन प्लान फार काशी एंड सारनाथ के तहत साउंड सिस्टम लगाने का काम शुरू कर दिया है। काल भैरव मंदिर मार्ग पर ट्रायल चल रहा है। लोकार्पण होने के साथ संचालन शुरू कर दिया जाएगा।
-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

## परफेक्ट मिशन–दि0 27.07.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना का वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



परफेक्ट मिशन

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग एवं सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत विभिन्न स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में वृक्षारोपण किया गया।निरीक्षण के उपरांत उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना में प्रवेश द्वार पर गार्ड रूम का निर्माण कराया जाए तथा पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। रेलवे एवं एन.एच.ए.आई. से समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को शीघ्र गति दी जाए। सम्पूर्ण क्षेत्र में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरे 24 घंटे क्रियाशील अवस्था में रहने चाहिए, इसकी नियमित निगरानी की जाए। रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ग्रीन बेल्ट क्षेत्र को चिन्हित कर वहां सघन वृक्षारोपण एवं हरित क्षेत्र का विकास किया जाए। प्राधिकरण की स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध रूप से खेती कर रहे किसानों को तत्काल रोका जाय।

## न्यायाधीश–दि0 27.07.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना का वाविप्रा उपाध्यक्ष एवं सचिव द्वारा निरीक्षण एवं वृक्षारोपण



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग एवं सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत विभिनन स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में वृक्षारोपण किया गया। निरीक्षण के उपरांत उपाध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए किए गए योजना में प्रवेश द्वार पर गार्ड रूम का निर्माण कराया जाए तथा पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। रेलवे एवं एन.एच.ए.आई. से समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को शीघ्र गति दी जाए। सम्पूर्ण क्षेत्र में स्थापित सी.सी.टी.वी. कैमरे 24 घंटे क्रियाशील अवस्था में रहने चाहिए, इसकी नियमित निगरानी की जाए। रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रीन बेल्ट क्षेत्र को चिन्हित कर वहां सघन वृक्षारोपण एवं हरित क्षेत्र का विकास किया जाए। प्राधिकरण की स्वामित्व वाली भूमि पर अवैध रूप से खेती कर रहे किसानों को तत्काल रोका जाये।